ये राहें ले ही आएंगी मंजिल तक हौसला
रख कभी सुना है कि अंधेरे ने सवेरा होने
न दिया...
—— अनुपम खेर, फिल्म अभिनेता

संक्षिप्त खबरें

कलक्ट्रेट परिसर में महिला पर तेजाब से हमला

आगरा। थाना न्यू आगरा क्षेत्र स्थित ओम नगर, नगला बूढ़ी निवासी अनीता पुत्री दलवीर सिंह शिकायत लेकर कलक्ट्रेट पहुंची थी। इसी दौरान डीएम कार्यालय के बाहर महिला पर एक युवक ने तेजाब डालने का प्रयास किया। गनीमत रही कि महिला की साड़ी पर तेजाब गिरा जिससे वह बाल-बाल बच गई। कलक्ट्रेट में महिला पर तेजाब से हमले को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। महिला ने बताया कि अभियुक्त अरविन्द, मीना, उत्तम सिंह व अश्वनी समझौते के लिए उस पर लगातार दबाव बना रहे हैं और तेजाब से जलाने की धमकी दे रहे थे जिसको लेकर महिला ने उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

ईंटों से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, तीन गंभीर

कासगंज। थाना सिकन्दरपुर वैश्य क्षेत्र में बुधवार की रात ईंटों से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पटियाली की ओर से ईंटों से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली थाना सिकन्दरपुर वैश्य के गांव राजा रिजोला के समीप से गुजर रही थी। तभी गांव के निकट अनियंत्रित होकर पलट गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। सीओ पटियाली गवेंद्रपाल गौतम ने घायलों के नाम ओम सिंह, गोकिल, वीरेंद्र निवासीगण नगला धीमर थाना कम्पिल फर्रुखाबाद बताए हैं।

चौकी प्रभारी से मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

मथुरा। कस्बा सौंख में बुधवार की रात गांव नौधरा निवासी अरविंद अपने साथियों के साथ पुलिस चौकी पहुंचा। जहां उसने चौकी प्रभारी चन्द्रपाल सिंह से अभद्रता कर दी। उसने चौकी परिसर में रखी कुर्सी तथा मेज को तोड़ दिया। वहीं चौकी प्रभारी सहित पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई कर दी। बृहस्पतिवार को चौकी प्रभारी चंद्रपाल सिंह ने थाना मगोर्रा में आरोपी अरविंद तथा उसके भाई सुधीर सहित चार लोगों के खिलाफ मारपीट तथा सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज कराया है। इस बारे में एसओ मगोर्रा शशि प्रकाश शर्मा ने बताया कि आरोपी युवक अरविंद तथा सुधीर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

महिला को लूटने का प्रयास, एक दबोचा

मथुरा। कोसीकलां के थाना रोड स्थित एक एटीएम से बृहस्पतिवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे कमला नगर निवासी एक महिला पैसे निकाल कर बाहर निकली, तभी एक बाइक पर सवार दो युवकों ने महिला को टक्कर मारकर गिरा दिया। उन्होंने महिला को लूटने का प्रयास किया।

दुर्घटना में युवक की मौत, लगाया जाम

आगरा (एसएनबी)। ग्वालियर हाईवे पर बृहस्पतिवार की सुबह एक युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना होती देख राहगीर व आसपास के लोग एकत्र हो गए और हाईवे पर जाम लगा दिया। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद समझाबुझाकर जाम खुलवाया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज उसके परिजनों को घटना से अवगत कराया। वहीं पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

बृहस्पतिवार की प्रातः इरादतनगर के गढ़ी ऊसरा निवासी केशव चाहर सेना भर्ती की तैयारी कर रहा था। सुबह साढ़े पांच बजे वह घर से दौड़ लगाने गया था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। दुर्घटना स्थल के पास ही पेट्रोल पंप था। पेट्रोल पंप के कुछ परिचित कर्मचारियों ने उसे देखा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। कुछ ही देर में आसपास के सैकड़ों लोग एकत्र हो गए। लोगों ने केशव के परिजनों को फोन पर सूचना दी। हाईवे से दो किलोमीटर दूर केशव का गांव है। थोड़ी देर में ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। घटना से आक्रोशित लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। घटना की सूचना मिलते ही सीओ खेरागढ़ प्रदीप कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण जाम खोलने को तैयार नहीं हुए। अधिकारियों के आश्वासन के बाद बमुश्किल जाम को खुलवाया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

सड़क हादसों में तीन लोग घायल

फिरोजाबाद (एसएनबी)। जनपद में अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुए सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

जनपद मैनपुरी के थाना किशनी क्षेत्र के गांव शमशेरगंज निवासी मोहित (18) पुत्र कमलेश, थाना उत्तर के कैलाश नगर निवासी आकाश (15) पुत्र विजय के साथ बाइक सिरसागंज से फिरोजाबाद जा रहा था, इसी दौरान थाना मक्खनपुर क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना थाना टूंडला क्षेत्र के उसायनी के समीप हुई, जिसमें दो बाइकों की भिडंत में शाहिद पुत्र अली मौहम्मद निवासी लाखनमऊ बरनाहल मैनपुरी, प्रिया पत्नी सोनू व साक्षी पुत्री सोनू निवासी जलोपुरा मक्खनपुर घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस ने अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया है।

आगरा : हादसे के बाद ग्वालियर हाईवे पर जाम लगाते ग्रामीण। *फोटो : एसएनबी*

नवजात का बचपन खुशहाल बनाने को देखभाल जरूरी

आगरा (एसएनबी)। नवजात की समुचित देखभाल उसके बचपन को खुशहाल बनाने के लिए बहुत ही जरूरी होती है। इसके अलावा शिशु मृत्यु दर को भी कम करने में इसकी बड़ी भूमिका है। इसी को ध्यान में रख 15 से 21 नवम्बर तक नवजात शिशु देखभाल सप्ताह मनाया जाएगा, जिसके तहत उन सभी बिन्दुओं पर हर वर्ग को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा जिसके जरिए शिशुओं को 'आयुष्मान' बनाया जा सके।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र की मिशन निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने सूबे के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र भेजकर नवजात शिशु देखभाल सप्ताह की प्रमुख गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में जरूरी दिशा-निर्देश जारी किया है। सप्ताह के दौरान जनसामान्य को नवजात शिशु स्वास्थ्य के साथ बेहतर देखभाल के बारे में जागरूक किया जाएगा। कंगारू मदर केयर और स्तनपान को बढ़ावा देने के साथ ही बीमार नवजात शिशुओं की पहचान के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा सरकार द्वारा चलाए जा रहे बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बारे में भी सभी को अवगत कराया जाएगा।

फिरोजाबाद : दीपावली पर्व के लिए दीए बनाता कुम्भकार। *फोटो : एसएनबी*

लॉकडाउन में मुफलिसी का दर्द झेलने वाले कुम्भकारों को दीवाली से उम्मीद

फिरोजाबाद (एसएनबी)। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के कारण हुए लॉकडाउन में मुफलिसी का दर्द झेलने वाले कुम्भकारों को अब दीवाली के पर्व से काफी उम्मीद हैं। इन कुम्भकारों को उम्मीद है कि चीन से खराब रिस्तों और प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल होने वाली बात के चलते इस बार की दीवाली चीन की झालरों से नहीं बल्कि मिट्टी के दीयों से रोशन होगी, जिसके चलते पिछले दो माह से मिट्टी के दीये बनाए जा रहे हैं।

चायना की झालरों से नहीं मिट्टी के दीयों से रोशन होगी दीपावली

फिरोजाबाद शहर के आसफाबाद में रहने वाले कुम्भकार परिवारों की कई पीढ़ियां मिट्टी के बर्तन बनाते बनाते उम्रदराज हो चुकी हैं। इस काम में इन लोगों ने काफी उतार चढ़ाव भी देखे हैं, लेकिन उनका कहना है कि उन्होंने लॉकडाउन जैसा दौर नहीं देखा है। लॉकडाउन में रोजी-रोजगार चौपट हो गए। शादी-विवाह स्थगित हो गए। ऐसे में उनके चाक का पहिचा महीनों तक जाम रहा और उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया। लेकिन अब जव सरकार एक के बाद एक अनलॉक के तहत छूट दे रही है। शादी विवाह होना शुरू हो गए, दीपावली का त्योहार है तो इन कुम्भकारों के चाक के पहिए भी तेजी से घूमने लगे हैं। कुम्भकारों कहना है कि इस बार हमारे देश के चीन से अच्छे सम्बंध नहीं हैं, ऐसे में लोग चाइना के आयटमों के साथ चायना की झालरों का भी बहिष्कार कर रहे हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने भी वोकल फॉर लोकल का नारा दिया है तो शायद इस बार की दीपाली चायना की झालरों से नहीं मिट्टी के दीयों से जगमगाएगी और उनकी जिन्दगी में भी उजाला पैदा हो सकेगा। कुम्भकार रामजीलाल और सत्यप्रकाश का कहना है कि हम लोग मिट्टी के दीए बना रहे है। उम्मीद है कि इस बार दीयों की अधिक बिक्री होगी जिससे अच्छा मुनाफा होगा।

रास्ते को लेकर विवाद में पथराव व फायरिंग में एक घायल

अलीगढ़ (एसएनबी)। थाना क्वार्सी क्षेत्र के नगला पटवारी में बृहस्पतिवार की दोपहर रास्ते में खोखा लगाने के विवाद को लेकर दो पक्षों में टकराव हो गया। मारपीट के बाद पथराव हुआ, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। एक पक्ष ने फायरिंग भी की। इधर, पुलिस से भी नोकझोंक की गई। आरोप है कि पुलिस के सामने भी मारपीट हुई। जैसे तैसे हालातों पर काबू पाया गया। पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में ले लिया है।

मौलाना आजाद नगर निवासी अकरम की नगला पटवारी में प्रिंटिंग प्रेस की दुकान है। बृहस्पतिवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे अकरम अपनी दुकान के सामने नाले के पास खोखा लगवा रहा था। इसी बीच मौलाना आजाद नगर निवासी एएमयू में गार्ड नसरुद्दीन ने रास्ता संकरा होने का हवाला देकर खोखा लगाने का विरोध किया। इसी बात पर दोनों में कहासुनी हो गई। तब लोगों ने बीचबचाव कर मामले को शांत कर दिया। आरोप है कि कुछ देर बाद अकरम पक्ष के 10-15 लोग आए और गाली-गलौज करने लगे। इसे देखते हुए नसरुद्दीन पक्ष के लोग भी एकत्र हो गए। दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई, जिसमें शमीम सिर में चोट लगने से घायल हो गया। देखते ही देखते, दोनों ओर से पथराव होने लगा। वहीं अकरम पक्ष ने तीन राउंड फायरिंग कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस से भी लोग नोकझोंक करने लगे। पुलिस ने ने सख्ती के साथ दोनों पक्षों को हटाया। पुलिस अकरम, कमालुद्दीन, अरमान, अजरुद्दीन, समीर व दूसरे पक्ष से नसरुद्दीन व जफर को पकड़कर थाने ले गई। तनाव को देखते हुए ऐतहियातन फोर्स तैनात कर दिया गया है। एसएसपी मुनिराज ने बताया किनगला पटवारी में खोखा लगाने के विवाद में दो पक्षों में झगड़ा हुआ है। पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में लिया है। इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

पहाड़ी पर मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

ग्वालियर (एसएनबी)। थाना जनकगंज क्षेत्र में एक पहाड़ी पर युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, साथ ही परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। वहीं पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नेहरू पेट्रोल पंप के पास मूलदास की खोह निवासी पवन पुत्र शिवचरन रजक (24) दोपहर के समय घर पर खाना खा रहा है। इसी दौरान उसके फोन पर किसी की कॉल आ गई। वह फोन पर बात करते समय घर से बाइक लेकर निकल गया और कुछ घंटे बाद पवन के फोन से उसके पिता के फोन पर कॉल आयी कि सड़क दुर्घटना में पवन की मौत हो गई है। यह बात सुनते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई और किसी तरह घटना स्थल पर पहुंचे। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने परिजनों को बताया कि पूछताछ में पता चला है कि पवन के साथ एक युवती भी थी, पहाड़ी पर अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार दी जिस कारण उसकी मौत हो गई। उधर, परिजनों का कहना है कि पहाड़ी पर पवन के साथ जो युवती थी, उसने कुछ दिन पहले उस पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में पवन जेल काटकर भी आया था।

प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को बांटा राशन

कासगंज (एसएनबी)। सोरों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा चयनित पात्र बच्चों को बृहस्पतिवार को राशन वितरण किया गया। नगर के वार्ड संख्या दो, वार्ड संख्या चार, वार्ड संख्या पांच के बच्चों को कन्या प्राथमिक विद्यालय सहावर गेट पर राशन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता निशा पाराशर, रचना शर्मा, रिंकी देवी, राजकुमारी, शिक्षिका कमलेश देवी मौजूद रहीं।

लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

हाथरस (एसएनबी)। सादाबाद कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। टीम ने इनके कब्जे से तीन लैपटॉप, 11 मोबाइल फोन, चार एटीएम कार्ड और 15 हजार नकदी बरामद की है।

अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर फाइल चार्ज, कमीशन, एग्रीमेन्ट आदि के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में रुपए डलवाकर गिरोह के सदस्य ठगी कर रहे थे। गिरफ्तार किए गए दो ठगों से पुलिस ने विभिन्न कंपनी के 11 मोबाइल फोन ,तीन लैपटाप, चार एटीएम कार्ड व 15 हजार की नकदी बरामद की है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गांव बहरदोई के उदय सिंह से प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अन्तर्गत कुछ लोगों ने ऋण दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर रुपए ठग लिए थे।

इस सम्बन्ध में उदय सिंह की तहरीर पर कोतवाली सादाबाद में मुकदमा दर्ज किया गया था। वहीं पुलिस अधीक्षक हाथरस ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए प्रभारी निरीक्षक सादाबाद व साइबर सेल को निर्देशित किया था। जांच के बाद अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है।

युवक की गोली मार कर हत्या

ग्वालियर (एसएनबी)। थाना महाराजपुरा क्षेत्र में अपना घर कालोनी में एक युवक की अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज परिजनों को घटना से अवगत करा दिया। वहीं परिजनों ने बताया कि युवक बाजार गया था, लौटते समय अज्ञात लोगों ने घटना को अंजाम दिया है। पुलिस परिजनों की तहरीर के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया।

बाजार से लौटते समय दिया वारदात को अंजाम

अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज तलाश में जुटी पुलिस

महाराजपुरा थाना क्षेत्र स्थित अपना घर कॉलोनी निवासी हजारी लाल गुर्जर का बेटा मिथुन उर्फ महादेव गुर्जर बीए का छात्र था। वह मूलतः मुरैना जिले के बीच का पुरा अंबाह का रहने वाला था। यहां पर वह अपने बड़े भाई विष्णु के साथ रहता था। उसका बड़ा भाई दूध डेयरी का काम करता है। बुधवार की रात मिथुन किसी काम से बाइक लेकर बाजार गया था। देर रात तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। उसके भाई विष्णु ने फोन लगाया तो मिथुन ने 10 मिनट में घर पहुंचने की बात कही थी। इसके बाद विष्णु व उसके परिजन घर बैठकर उसके आने का इंतजार करने लगे। रात करीब एक बजे गोली चलने की आवाज सुनाई दी तो उन्होंने सोचा कि शायद किसी ने पटाखा चलाया होगा। करीब आधा घंटे बाद मोहल्ले में हलचल हुई तो विष्णु बाहर निकला। उसने देखा कि कुछ दूरी पर लोग एकत्र हो रहे हैं। विष्णु उनके पास पहुंचा तो वहां का मंजर देखकर दंग रहा गया। रास्ते में उसका उसका भाई का शव खून से लथपथ पड़ा हुआ था। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

इसके बाद मृतक के परिजनों से पूछताछ की। वहीं थाना प्रभारी महाराजपुरा मिर्जा आसिफ बेग ने बताया कि मृतक की कनपटी पर बाईं ओर से गोली मारी गई है। युवक की हत्या किसने और क्यों की है फिलहाल इस बात का पता नहीं चल सका है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

रेलवे ने पर्यटकों के लिए बनाया सेल्फी प्वाइंट

आगरा (एसएनबी)। उत्तर मध्य रेलवे ने कैंट रेलवे स्टेशन के बाहर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सेल्फी प्वाइंट के लिए 100 फुट ऊंचा तिरंगा व फव्वारे लगाए हैं। मंडल रेल प्रबंधक सुशील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल होने के कारण आगरा देशी व विदेशी पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र रहा है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। आगरा छावनी को आधुनिक सुविधाओं से लैस के साथ ही हरित स्टेशन बनाने व यात्रियों के आकर्षण के लिए स्टेशन के मुख्य द्वार पर फव्वारों के बीच 100 फुट ऊंचा तिरंगा लहराने के साथ सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर अपनी यादों को संजोकर रखने के लिए रेलवे ने स्टेशन के मुख्य द्वार को सजाया है। जिसका लोकार्पण राज्यमंत्री जीएस धर्मेश व सांसद एसपी सिंह बघेल ने किया।

JUBILANT FOODWORKS

JUBILANT FOODWORKS LIMITED

CIN: L74899UP1995PLC043677
Regd. Office: Plot No. 1A, Sector – 16A, Noida – 201301 (U.P.)
Corporate Office: 5th Floor, Tower D, Plot No. 5, Logix Techno Park, Sector-127, Noida – 201304 (U.P.)
Contact No: +91-120-4090500, Fax No: +91-120-4090599, E-mail: investor@jublfood.com
Website: www.jubilantfoodworks.com

STATEMENT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND SIX MONTHS ENDED 30TH SEPTEMBER, 2020

(Figures-INR in Lakhs, Unless Otherwise Stated)

Sr. No.	PARTICULARS	STANDALONE RESULTS					CONSOLIDATED RESULTS					STANDALONE RESULTS	CONSOLIDATED RESULTS
		For the Quarter ended			For the Six months ended		For the Quarter ended			For the Six months ended		For the year ended	For the year ended
		30th Sep 2020	30th June 2020	30th Sep 2019	30th Sep 2020	30th Sep 2019	30th Sep 2020	30th June 2020	30th Sep 2019	30th Sep 2020	30th Sep 2019	31st March 2020	31st March 2020
		Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Unaudited	Audited	Audited
1	Total Income from Operations (net)	80,550.62	38,028.17	98,823.34	118,578.79	192,832.20	81,632.75	38,841.01	99,805.09	120,473.76	194,716.19	388,577.65	392,727.40
2	Net Profit/(Loss) for the period/ year (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items)	10,162.55	(9,593.13)	12,805.85	569.42	24,211.20	10,067.10	(9,769.70)	12,513.86	297.40	23,592.67	43,831.39	42,769.60
3	Net Profit/(Loss) for the period/year before Tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	10,162.55	(9,593.13)	11,553.85	569.42	22,959.20	10,067.10	(9,769.70)	11,261.86	297.40	22,340.67	39,350.36	40,278.62
4	Net Profit/(Loss) for the period/ year after Tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	7,691.33	(7,262.81)	7,592.85	428.52	15,070.72	7,577.95	(7,447.91)	7,298.00	130.04	14,446.18	27,545.19	27,879.89
5	Total Comprehensive Income for the period/ year [comprising Profit/(Loss) for the period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax]	7,936.09	(7,663.69)	7,543.27	272.40	14,968.41	7,762.36	(7,786.08)	7,226.64	(23.72)	14,282.17	27,262.76	27,609.03
6	Equity Share Capital	13,196.90	13,196.90	13,196.90	13,196.90	13,196.90	13,196.90	13,196.90	13,196.90	13,196.90	13,196.90	13,196.90	13,196.90
7	Reserves excluding Revaluation Reserve as at Balance Sheet date											105,096.96	99,005.67
8	Earnings/ (Loss) per share (after exceptional items) (of INR.10/- each)												
	a) Basic (in INR.)	5.83	(5.50)	5.75	0.32	11.42	5.76	(5.60)	5.56	0.16	10.99	20.87	21.22
	b) Diluted (in INR.)	5.83	(5.50)	5.75	0.32	11.42	5.76	(5.60)	5.56	0.16	10.99	20.87	21.22

NOTES :

1. These unaudited financial results have been prepared in accordance with the recognition and measurement principles as laid down in the Indian Accounting Standards (referred to as "Ind AS") prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Indian Accounting Standards) Rules as amended from time to time. The above standalone and consolidated unaudited financial results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their meetings held on 12th November 2020. The statutory auditor's report on review of interim standalone and consolidated unaudited financial results for the quarter and six months ended 30th September 2020 is being filed with the BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited.
2. During the current periods, consequential to COVID 19 pandemic the Company has negotiated several rent concessions. In view of recent amendments by the Companies (Indian Accounting Standards) Amendment Rules, 2020, the Company has elected, as a practical expedient, not to assess these rent concessions as lease modifications and has recognized impact of such rent concession in Statement of Profit and Loss. The election is made for all such rent concessions as these satisfy the conditions mentioned in Para 46A and Para 46B of Ind AS 116 (as amended). Accordingly during the quarter ended 30th September 2020, 30th June 2020 and six months ended 30th September 2020 an amount of INR 1,611.61 lakhs, INR 2,943.35 Lakhs and INR 4,554.96 lakhs respectively related to rent concessions has been reduced from Rent expense included under Other expenses. After adjusting the rent expense for the quarter ended 30th September 2020, 30th June 2020 and six months ended on 30th September 2020 amounting to INR 1,885.06 lakhs, INR 908.28 Lakhs and INR 2,793.34 lakhs respectively, the net rent expense/ (income) accounted in Other expenses for quarter ended 30th September 2020, 30th June 2020 and six months ended 30th September 2020 is INR 273.45 lakhs, INR (2,035.07) lakhs and INR (1,761.62) lakhs respectively. (In consolidated unaudited financial results during the quarter ended 30th September 2020, 30th June 2020 and six months ended 30th September 2020 an amount of INR 1,616.26 lakhs, INR 2,965.80 Lakhs and INR 4,582.06 lakhs respectively related to rent concessions has been reduced from Rent expense included under Other expenses. After adjusting the rent expense for the quarter ended 30th September 2020, 30th June 2020 and six months ended on 30th September 2020 amounting to INR 1,906.48 lakhs, INR 935.64 Lakhs and INR 2,842.12 lakhs respectively, the net rent expense/ (income) accounted in Other expenses for quarter ended 30th September 2020, 30th June 2020 and six months ended 30th September 2020 is INR 290.22 lakhs, INR (2,030.16) lakhs and INR (1,739.94) lakhs respectively).
3. The Company's business activity falls within a single business segment i.e. Food and Beverages in terms of Ind AS 108 on Segment Reporting.
4. The Company decided to close 105 stores during the quarter ended 30th September 2020 (9 stores closed during the quarter ended 30th June 2020) and accordingly the effect of closure on property, plant and equipment by way of accelerated depreciation and de-recognition of Right of use assets and related lease liabilities have been considered in the financial results. The impact for quarter and six months ended 30th September 2020 on this account is INR 1,674.86 lakhs and INR 1,962.48 respectively included in Depreciation and Amortisation expense and INR 2,037.67 lakhs and INR 2,088.77 lakhs respectively included in Other Income (net) towards de-recognition of Right-of-use assets and lease liabilities.
5. The COVID-19 situation across the country affected the normal dine-in operations of the restaurants resulting in lower sales. However the Company has taken various measures to protect profit margins. The Company has made detailed assessments of its liquidity position for the next one year and of the recoverability and carrying values of all its assets and liabilities as at 30th September 2020 and on the basis of evaluation based on the current estimates has concluded that no material adjustments is required in the financial results.
   Given the uncertainties associated with nature, condition and duration of COVID-19, the impact assessment on the Company's financial statements will be continuously made and provided for as required.
6. The above is an extract of detailed format of unaudited financial results for the quarter and six months ended 30th September 2020 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the unaudited financial results are available on the Stock Exchanges websites (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on Company's website (www.jubilantfoodworks.com).

For and on behalf of the Board of Directors of
Jubilant FoodWorks Limited
Sd/-
SHYAM S. BHARTIA
CHAIRMAN & DIRECTOR
DIN No. 00010484

Place: Delhi
Date: 12th November, 2020